हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, गुरूवार, 3 जुलाई 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा सफाई व्यवस्था को लेकर जताई 4



## खबर संक्षेप

### खरीफ फसल के लिए किया जाएगा डिजिटल क्रॉप सर्वे

**जांजगीर-चांपा।** जिले में आगामी खरीफ फसल हेतु डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य किया जाएगा। इस हेतु 390 ऐसे ग्रामों का चयन किया गया है जहां जियो-रेफरेंसिंग की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। इन ग्रामों में डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य 15 अगस्त से 30 सितम्बर तक किया जाएगा। उक्त सर्वे हेतु प्रत्येक चयनित ग्राम में 20-20 सर्वेयरों का चयन किया जाना है। सर्वेयरों को प्रत्येक खेत के स्थल पर जाकर मोबाइल ऐप के माध्यम से फसल का सर्वे करना होगा तथा 03 स्थल चित्र (फोटो) अपलोड करना आवश्यक होगा। सर्वेयरों को सर्वे कार्य हेतु 10 रु प्रति खसरे का मानदेय राशि उनके बैंक खाते में प्रदान किया जाएगा। डिजिटल क्रॉप सर्वे में भाग लेने हेतु सर्वेयर बनने के इच्छुक युवाओं के लिए पात्रता निर्धारित की गई है। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास, आयु 18 वर्ष या उससे अधिक, स्वयं का एंड्रॉइड मोबाइल फोन इंटरनेट के साथ, स्वयं का बैंक खाता अनिवार्य है। इच्छुक व्यक्ति संबंधित पटवारी कार्यालय अथवा तहसील कार्यालय में संपर्क कर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### कलेक्टर ने ली जीवन दीप समिति कार्यकारिणी की बैठक

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे की अध्यक्षता में जीवन दीप समिति कार्यकारिणी की बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। उन्होंने इस दौरान कहा कि जो भी निर्माण कार्य चल रहे है उनको समय सीमा में पूर्ण किया जाए। इस अवसर पर मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज बर्मन, सिविल सर्जन डॉ एस एस कुजुर, डीपीएम श्री उत्कर्ष तिवारी सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में सिविल सर्जन द्वारा समिति के समक्ष विभिन्न बिंदुओं पर आधारित एजेंडा प्रस्तुत किया गया। जिसमें जिला चिकित्सालय जांजगीर के ऑर्थो, सर्जिकल एवं नेत्र विभाग की छत में हो रही सिपेज की समस्या के समाधान हेतु छत की मरम्मत कार्य का प्रस्ताव रखा गया। जिस पर कलेक्टर ने निर्माण विभाग के अधिकारियों को मरम्मत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा हेतु उक्त विषयों पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### कृषक रत्न पुरस्कार के लिए 31 तक आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** संचालनालय कृषि रायपुर द्वारा वर्ष 2025 के लिए डॉ. खूबचंद बघेल, कृषक रत्न पुरस्कार के लिए कृषकों से 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। उप संचालक कृषि ने बताया कि आवेदन पत्र उप संचालक कृषि व वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र को उप संचालक कृषि व वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते है।

### अलग-अलग जगहों से गुम हुए 162 को किया दस्तयाब

**जांजगीर-चांपा।** आपरेशन तलाश के तहत दिगर प्रांतों में गुम हुए 162 बालक बालिकाओं को पुलिस ने खोज निकाला है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुम बालक बालिकाओं एवं गुम महिला-पुरूष को पंजाब, दिल्ली, झारखण्ड, आन्ध्र प्रदेश यूपी, एमपी एवं छत्तीसगढ़ के अलग- अलग जिलों से सकुशल बरामद कर दस्तयाब किया गया है, जिसमें थाना जांजगीर में 23, नैला 12, बलौदा 10, पंतोरा 1, अकलतरा 15, मुलमुला 8, पामगढ़ 25, शिवरीनारायण 20, नवागढ़ 22, बिर्रा 04, बम्हनीडीह 03, सारागांव 06, चाम्पा 13 इस प्रकार जिले में कुल 162 गुम बालक/बालिका, महिला पुरूष को बरामद करने में जांजगीर पुलिस को सफलता मिली है।


# मजाक बना युक्तियुक्तकरण: एक व्याख्याता का 15 दिनों में 2 बार पदस्थापना


## सक्ती जिले का मामला, पहले मालखरौदा फिर जैजैपुर ब्लाक में पोस्टिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

नवगठित जिला सक्ती में शासन द्वारा की जा रही युक्तियुक्तरण की प्रक्रिया एक तरह से मजाक बनकर रह गई है। ना केवल शिक्षा विभाग के अधिकारी बल्कि जिम्मेदार शिक्षा समिति के अध्यक्ष आंख मूंदकर युक्तियुक्तकरण के तहत आदेश निकाल रहे है। ऐसे में एक व्याख्याता का 15 दिनों के भीतर दो बार पदस्थापना आदेश जारी हुआ है। पहले उसे मालखरौदा ब्लाक के हायर सेकेण्डरी स्कूल में पदस्थ किया गया था, इसके बाद जैजैपुर ब्लाक में उसकी पदस्थापना आदेश जारी कर दी गई। मजेदार बात तो यह है कि जिम्मेदार विभाग के प्रभारी अधिकारी इसे लिपिकीय त्रुटि करार दे रहे है।

युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के दौरान एक व्याख्याता के 15 दिनों के भीतर दूसरी बार पदस्थापना आदेश को लेकर इन दिनों सक्ती जिले में शिक्षा विभाग और प्रशासन की खूब किरकिरी हो रही है। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार युक्तियुक्तरण प्रक्रिया के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाराद्वार में पदस्थ भौतिक शास्त्र के व्याख्याता को विकासखंड स्तरीय समिति के प्रस्ताव और जिला स्तरीय समिति के अनुमोदन उपरांत 3 जून को मालखरौदा ब्लाक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांटीपाली में पदस्थ करने का आदेश जारी किया गया था। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला स्तरीय समिति की अनुशंसा से जारी आदेश का पालन 3 दिनों के भीतर करने के निर्देश दिए गए थे। बताया जाता है कि इस आदेश के परिपालन में उक्त व्याख्याता को कार्यभार ग्रहण कराकर प्राचार्य द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को 10 जून को कार्यभार ग्रहण पालन प्रतिवेदन भी प्रस्तुत कर दिया गया। इसके सप्ताह भर बाद 17 जून को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एक और आदेश जारी करके सबको चौंका दिया। बताया जाता है कि अबकी बार जारी आदेश में कन्या उमावि बाराद्वार के उसी व्याख्याता को जैजैपुर ब्लाक के कोटेतरा उमावि में पदांकित किया गया। इस आदेश में ज्वाइंट डायरेक्टर और कलेक्टर एवं अध्यक्ष युक्तियुक्तकरण समिति का अनुमोदन बताया जा रहा है। बहरहाल 15 दिनों के भीतर एक व्याख्याता के दो बार के आदेश को लेकर कई तरह की चर्चाएं हो रही है और शिक्षा विभाग के साथ प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे है।


कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला सक्ती (छ.ग.)
-: आदेश :-


कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला सक्ती (छ.ग.)

### लिपिकीय त्रुटि

व्याख्याता शिक्षक को चांटीपाली भेजा गया था। वहां पहले से उस विषय का शिक्षक था। लिपिकिय त्रुटि हो गया था इसे सुधार कर ज्वाइन डायरेक्टर के आदेश से पुनः उनको जैजैपुर ब्लॉक के कोटेतरा स्थानांतरित किया गया है।

- विश्वास कुमार
डिप्टी कलेक्टर व प्रभारी डीईओ
जिला सक्ती

## जांजगीर व सक्ती जिले में बेजाकब्जाधारी प्रशासन पर पड़ रहे भारी

# लाल झंडे लगी सरकारी जमीन ही नहीं गौठान में भी लग रही धान की फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

खरीफ फसल की बोआई का काम शुरू होते ही सरकारी जमीन पर बेजाकब्जा करने का धंधा एक बार फिर से शुरू हो गया है। खास बात यह है कि अबकी बार ना केवल पिछले वर्षो में लाल झंडे लगाकर सहेजी गई सरकारी जमीन पर फिर से कब्जा किया गया है, बल्कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में बनाए गए गौठान में भी बेजाकब्जा होने लगा है। प्रशासन के सारे नियम कायदों को दरकिनार कर अतिक्रमणकारी सरकारी जमीन पर धान की बोआई कर रहे है।

राज्य सरकार द्वारा सरकारी जमीन को सहेजने के सख्त आदेश दिए गए है। इसी के परिपालन में पिछले दिनों जिला प्रशासन द्वारा सभी राजस्व अधिकारियों को अपने क्षेत्र में शासकीय भूमि की जानकारी लेने और उसे अतिक्रमण मुक्त कराने के आदेश दिए गए है। इसकी समीक्षा भी प्राथमिकता के आधार पर समय सीमा की बैठक में होती है, लेकिन इसके बाद भी जिम्मेदार राजस्व अमला कुछ औपचारिकताएं निभाकर आंख मूंदे बैठा है। इस तरह की शिकायतें जांजगीर चांपा जिले के बलौदा तहसील और सक्ती जिले के जैजैपुर, हसौद में सर्वाधिक मिल रही है।


जाटा मुख्य मार्ग पर हो रहा अतिक्रमण।


गौठान में बेजाकब्जा कर धान की बोआई।

### जब्ती के बाद भी अतिक्रमणकारी लगा रहे फसल

**बहेराडीह।** बलौदा ब्लाक अंतर्गत ग्राम जाटा में अतिकमण प्रशासन को सीधे चुनौती दे रहे है। यहां विगत वर्षो में लाल झंडा लगाने व फसल जब्ती करने के बाद भी सरकारी जमीन पर फिर से अतिक्रमण किया जा रहा है। सारागांव तहसील अंतर्गत जाटा गांव में विगत वर्षो में चलाए गए लाल झंडा अभियान तहत 50 एकड़ से अधिक जमीन को अतिक्रमणकारियों के चंगुल से मुक्त कराया गया था। इसके बाद भी फसल लगाने वालों की खरीफ फसल को हार्वेस्टर चलवाकर जब्त किया गया, लेकिन इसके बाद भी यहां सरकारी जमीन सुरक्षित नहीं है। करीब 50 एकड़ से अधिक शासकीय भूमि पर लोग बेधड़क खेती कर रहे हैं। शासकीय भूमि से कब्जा छोड़ने तहसीलदार द्वारा कलेक्टर के निर्देश पर विगत वर्षो से लाल झंडा लगाकर कोटवार से गांव में मुनादी करके बकायदा नोटिस थमाया जाता है। इतना ही नहीं बल्कि पुलिस बल के सहयोग से शासकीय भूमि पर लगे धान की फ़सल को भी जब्त किया जाता है। फिर भी गांव के तथाकथित लोग शासकीय भूमि को छोड़ने को तैयार नहीं हैं। इस बार तो अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद है कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करके ना केवल चारों ओर घेराबंदी की गई है बल्कि बोर उत्खनन भी कराया गया है और खेती कर रहे है। वर्तमान में खरीफ फसल की तैयारी यहां चल रही है। अतिक्रमणकारी शासन प्रशासन के सारे नियमों को दरकिनार करते हुए सरकारी जमीन पर कब्जा करके खरीफ फसल लगाने धान की बोआई कर रहे है।

### गौठान में बेजाकब्जा, कर रहे धान बोआई

जैजैपुर। तहसील जैजैपुर के अन्तर्गत अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व कर्मचारियों की उदासीनता के चलते शासकीय भूमि अतिक्रमण के चपेट में है। अतिक्रमणकारियों के द्वारा कृषि कार्य करने के नाम से सैकड़ों एकड़ भूमि पर अवैध ब्जा कर कृषि कार्य किया जा रहा है। जिसमें मुक्ता चोर भट्ठी दर्रा भाटा प्रमुख है। जहां शासकीय जमीन पर अतिक्रमण करने वालों को राजस्व विभाग का जरा भी परवाह नहीं है। बताया जाता है कि मैदानी अमले के संरक्षण में सरकारी जमीन पर कब्जा और काश्तकारी हो रही है। चोरभट्ठी और मुक्ता में तो शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करके बड़े बड़े मकान बनाए गए है। इधर दर्राभांठा में अतिकमणकारियों ने पूर्ववती कांग्रेस सरकार में संचालित गौठान को ही कब्जा कर लिया है। यहां गौठान की जमीन को खेत बनाकर धान की फसल लगाने जुताई की जा रही है। इसके अलावा क्षेत्र के गांवों में शमशान घाट, स्कूल परिसर, हॉट बाजार, तालाब पार सहित अन्य सार्वजनिक स्थल अतिक्रमण की चपेट में है। इस ओर ठोस पहल की आवश्यकता है। तहसीलदार श्री सिन्हा ने कहा कि अतिक्रमण के मामले को लेकर जिला प्रशासन गंभीर है। कलेक्टर के निर्देश पर एवं अनु वि अधिकारी राजस्व सक्ती के मार्गदर्शन पर शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वालों को चिन्हित कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। जैजैपुर राजस्व मंडल के अंतर्गत अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया चालू है और गांव के जनप्रतिनिधियों के सहयोग से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। ग्राम पंचायत के सरपंचों से अतिक्रमण हटाने के प्रस्ताव मांगे जा रहे है।

# पीआईएल फर्नेश ब्लास्ट में एक और मजदूर की मौत

## भिलाई में चल रहा था इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

नगर के प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड में ढाई माह पूर्व हुए फर्नेश ब्लास्ट मामले में प्लांट के जीएम के बाद दूसरे प्लांट कर्मी ग्राम किरीत निवासी मजदूर सुरेन्द्र चंद्रा की मंगलवार को मौत हो गयी।

उल्लेखनीय है कि विगत 12 अप्रैल शनिवार को अपरान्ह 4 बजे प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड के 15 टन फर्नेश में हुए ब्लास्ट के कारण प्लांट के महाप्रबंधक अनुपचतुर्वेदी की पिछले दिनों उपचार के दौरान हैदराबाद में मौत हो गयी थी। इस हादसे में कुल 13 लोग बुरी तरह झुलस गये थे। सभी को उपचार के लिए रायपुर के नारायणा हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। इनमें से चार की हालत गंभीर होने से उन्हें बेहतर उपचार के लिए एयर लिफ्ट द्वारा हैदराबाद भेजा गयाथा। मामले में कारखाना प्रबंधन की लापरवाही उजागर होने पर औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के निरीक्षक राहुल पटेल की रिपोर्ट पर पुलिस ने कारखाना प्रबंधक के अलावाअधिभोगीसंजय जैन सहित अन्य दो के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 287, 289 एवं(3), 5 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।इस हादसे में प्लांट के जीएम के बाद एक अन्य मजदूर ग्राम किरीत निवासी 29 वर्षीय सुरेन्द्र चंद्रा की मंगलवार को मौत हो गयी। इस तरह हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर दो हो गयी है। बताया जाता है कि हादसे में झुलसे शेष 11 लोगों को उपचार के बाद छुट्टी दे दीगयीहै और वे घर पर रहकर स्वास्थ्य लाभ ले रहे है।


सुरेन्द्र चंद्रा।

### शराब पीने के लिए रुपए नही देने पर मारपीट, 2 गिरफ्तार

शराब पीने के लिए रुपए नहीं देने पर मारपीट की गई है। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। घटना शिवरीनारायण थाना की है। मिली जानकारी के अनुसार 1 जुलाई को अनुराग यादव एवं स्वप्निल यादव द्वारा लोहर्सी के चखना दुकान में शराब के लिए रुपए की मांग की गई। वहीं राशि नहीं देने पर आरोपी स्वप्निल यादव व अनुराग यादव द्वारा मारपीट की गई है। मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक भास्कर शर्मा सहित शिवरीनारायण स्टाफ का योगदान रहा।

## सरपंच प्रतिनिधि के खिलाफ शिकायत को लेकर एसपी दफ्तर पहुंचे ग्रामीण

**बलौदा।** ग्राम पंचायत नवगवां के ग्रामीण से एसपी दफ्तर पहुंचे। उन्होंने एसपी से मिलकर सरपंच प्रतिनिधि के खिलाफ एक व्यक्ति द्वारा की गई शिकायत को मिथ्या बताते हुए निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है। वहीं उनकी मांगों पर कार्रवाई नही होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

थाना बलौदा के ग्राम पंचायत नवगवां के पंच एवं सरपंच प्रतिनिधी के विरूद्ध दर्ज एफआईआर को निरस्त करने एवं दोषी पर कार्यवाही हेतु एसपी को ज्ञापन दिया गया। ग्रामीणों ने ज्ञापन में लिखा है ग्राम पंचायत नवगवां के पंच एवं सरपंच प्रतिनिधी से गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा गाली गलौज की गई और उल्टे अजाक थाना जांजगीर में रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। ग्रामीणों ने बताया कि शिकायतकर्ता द्वारा गांव के शासकीय भूमि में अवैध कब्जा किया जा रहा है। इस पर कार्रवाई की मांग की है।




## डिसमेंटल घोषित होने के बाद तोड़वाया गया प्राथमिक शाला का भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

दर्राभांठा के प्राथमिक शाला भवन 5 सालों से जर्जर हो गया था। जिसे स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा डिसमेंटल घोषित किया था। वहीं इस भवन को तोड़ने का काम किया गया।

ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत दर्राभाठा के प्राथमिक शाला भवन विगत 5 वर्षो से जर्जर हो चुका था पूर्व सरपंच द्वारा इस बारे में कई बार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को आवेदन दे चुके थे बावजूद उनके द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किया जा रहा था लेकिन नया सरपंच पुष्पेंद्र गबेल के द्वारा उच्च अधिकारियों को डिस्मेंटल घोषित किए जाने के संबंध में पुनः ज्ञापन दिया। जिस पर जांच दल बनाया गया था जांच दल द्वारा इसका प्रतिवेदन ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को दिया था जिस पर जिले के कलेक्टर ने प्रतिवेदन के आधार पर जर्जर हो चुके प्राथमिक शाला भवन को डिस्मेंटल घोषित किया। वही आदेश की कॉपी मिलने के बाद बाद सरपंच ने मजदूर लगाकर जर्जर भवन को 2 जुलाई को तुड़वा दिया। इस संबंध में दर्राभांठा सरपंच पुष्पेंद्र गबेल का कहना है कि कलेक्टर के आदेश के बाद शासकीय प्राथमिक शाला को तुड़वाया गया है।


तोड़ा गया प्राथमिक शाला का डिसमेंटल भवन।

## बम्हनीडीह थाना क्षेत्र के ग्राम सोंठी का मामला, गुरावट में होने वाली थी शादी

# मां की सूझबूझ एवं जागरूकता के चलते रूका तीन नाबालिगों का विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बम्हनीडीह क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोठी में 3 नाबालिगो के चाचा के द्वारा उनका विवाह कराया जा रहा था। इस बात की सूचना नाबालिग बालक एवं बालिका के मां के द्वारा पुलिस अधीक्षक को दी गई। जिस पर कार्यवाही करते हुए नाबालिगो का विवाह रूकवाया गया। साथ ही साथ परिजनो को निर्धारित उम्र मे ही लडके एवं लडकियो का विवाह करने की समझाइश भी दी गई। इनका विवाह गुरावांट में होने वाली थी।

ज्ञात हो कि छतीसगढ शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा जनजागरूकता अभियान चलाकर लडके एवं लडकियो का विवाह निर्धारित उम्र में ही करने के साथ नाबालिग का विवाह करने पर होने वाले उसके दुष्परिणाम को लेकर ब्यापक रूप से प्रचार प्रसार किया जाता है। बावजूद इसके नाबालिग का विवाह करने की जानकारियां एवं मामले भी सामने आते रहते है। इस बात को नाबालिग लडके एवं लडकियो के मां ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौपकर विवाह रूकवाने के लिए शिकायत की थी। इसी कडी मे बुधवार 2 जुलाई को बम्हनीडीह विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सोठी में नाबालिग लडके एवं लडकियो का विवाह होना तय था। मामले में मां लक्ष्मीनबाई के द्वारा इस पर कार्यवाही कर विवाह रूकवाने पुलिस प्रशासन से फरियाद लगाई गई थी। शिकायत पर बम्हनीडीह थाना प्रभारी भवानी सिंह चौहान एवं महिला बाल विकास विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पूछताक्ष के दौरान जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर लडकी बालिग होना पाया गया लेकिन उसके होने वाले पति का उम्र नाबालिग होना पाया गया। इसी प्रकार लक्ष्मीन के पुत्र भी नाबालिग था। जिसका विवाह होना तय था। ऐसे में मां की जनजागरूकता के साथ पुलिस एवं महिला बाल विकास विभाग के सहयोग से तीन नाबालिग लडके एवं लडकियो का विवाह रूकवाकर निर्धारित उम्र मे ही विवाह करने की सलाह प्रशासन के द्वारा दी गई। साथ ही साथ परिजनो को नाबालिग का विवाह कराने के दौरान सजा एवं जुर्माने के प्रावधान से भी अवगत कराया गया।


परिजनों को समझाईश देने पहुंची पुलिस।

# नाबालिग बालिका से अनाचार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

नाबालिग को झांसा देकर अनाचार करने वाले पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। माममला नवागढ़ थाना का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नवागढ़ निवासी 21 वर्षीय राजेन्द्र कुमार द्वारा नाबालिक बालिका के साथ जबरन अनाचार किया। जिसकी सूचना रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध 30 जून को अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के कुशल मार्गदर्शन में थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा आरोपी को पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक अशोक वैष्णव थाना प्रभारी नवागढ़, महिला प्रधान आरक्षक स्वाती गिरोलकर, आर. श्याम कुमार शांते, रमेश भारद्वाज एवं थाना स्टाफ का योगदान रहा।



## खबर संक्षेप

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में दी गई भावभीनी विदाई




**नवागढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट के पद पर श्रीमती कामिनी सिदार पिछले 5 साल से पदस्थ थी। कोरोना महामारी में उनके द्वारा किए गए सेवा सराहनीय रहे। उनके पदस्थापना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ से सिविल अस्पताल खरसिया में ट्रांसफर हुआ है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ के अधिकारी कर्मचारियों ने उन्हें ससम्मान विदाई दिया। इस अवसर पर पूर्व बीएमओ डॉक्टर यशपाल खन्ना एवं अस्पताल के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भाजपा नरियरा मंडल द्वारा एक पेड़ के नाम कार्यक्रम कल

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय जनता पार्टी नरियरा मंडल के ग्राम पौना में एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह एवं भाजपा जांजगीर चाम्पा जिला अध्यक्ष अम्बेश जांगड़े, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी, पूर्व विधायक अकलतरा चुन्नीलाल साहू की उपस्थिति में सम्पन्न होगा। संयोजक के रूप में भाजपा नेता विकास शर्मा, सहसंयोजक के रूप में भाजयुमो जिला महामंत्री आकाश सिंह, संजीव बंजारे भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। प्रमोद कौशिक अध्यक्ष, बलराम गोस्वामी महामंत्री, कौशिल्या ढोंसले महामंत्र भाजपा नरियरा मंडल ने सभी से उपस्थिति की अपील की है।

### विधायक ब्यास कश्यप की अनुशंसा पर विकास कार्य स्वीकृत

**चांपा।** विधायक ब्यास कश्यप की अनुशंसा से



मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत विकास कार्यों की स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिसमें विकासखंड नवागढ़ के ग्राम पंचायत सुकली के सरकारी तालाब में निर्मला घाट निर्माण के लिए 5.20 लाख, ग्राम पंचायत अवरीद में मुख्य मार्ग से नहर एवं मदन के घर की ओर सीसी रोड निर्माण के लिए 5.20 लाख, ग्राम पंचायत भैसदा में सीसी रोड निर्माण के लिए 5.20 लाख, ग्राम जगमहंत में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6.50 लाख, अशोक सिंह के खेत से स्कूल की ओर सीसी रोड निर्माण के लिए 10.40 लाख, ग्राम पंचायत बोड़सरा में बोड़सरा से हाथी टिकरा की ओर सीसी रोड निर्माण के लिए 15.60 लाख, ग्राम बनारी में बस्ती से अरविन्द साव के घर की ओर सीसी रोड निर्माण के लिए 5.20 लाख, ग्राम पंचायत अमोदा में बलभद्र घर से महावीर चौक तक सीसी रोड निर्माण के लिए 10.40 लाख, ग्राम सेमरा में मेन रोड से महामाई दाई की ओर सीसी रोड निर्माण के लिए 10.40 लाख, ग्राम पंचायत बरगांव में जवाहर तुर्कनी के घर से मिडिल स्कूल की ओर सीसी रोड निर्माण के लिए 5.20 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### सेवानिवृत्त होने पर संस्था प्रबंधक को दी गई विदाई

मालखरौदा। सेवा सहकारी समिति मर्यादित बड़ेसीपत पंजीयन क्रमांक 2878 मैं कार्यरत संस्था प्रबंधक श्यामलाल साहू के सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जहां समिति अध्यक्ष तोरेंद्र सोनवाने पूर्व अध्यक्ष अमृत साहू ने श्रीफल गुलदस्ता भेंट किया। एक पेड़ मां के नाम`` वृक्षारोपण अभियान के तहत सेवा सहकारी समिति मर्यादित बड़ेसीपत के धान खरीदी (मंडी) प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया, जहां सहकारिता सीईओ डी.सी बघेल, ब्रांच मैनेजर जनक प्रसाद यादव सुपरवाइजर जय मंगल साहू, गणेश राम जयसवाल अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति पिरदा दीपक चंद्रा ,देव कुमार जायसवाल, शिव चंद्रा, जवाहर, परस चंद्रा, संजीव कुमार जायसवाल, कंप्यूटर ऑपरेटर जगदीश साहू, प्रताप कुमार, गोपाल प्रसाद साहू लक्ष्मी नारायण एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## निधन

### शांति बाई चौहान



**बहेराडीह।** ग्राम बहेराडीह उर्फ भदरीपाली के प्रतिष्ठित नागरिक श्रीमती शांति बाई चौहान का बुधवार 2 जुलाई को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर अंचल के स्व जातीय बंधुओ के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### शिवकुमार शर्मा



**चांपा।** स्थानीय मारवाड़ी ब्राम्हण समाज के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित नागरिक स्टेशन रोड निवासी शिवकुमार शर्मा का बुधवार 2 जुलाई को सुबह 6: 30 बजे निधन हो गया। वे 74 वर्ष के थे। स्व. शर्मा अपने पीछे दो पुत्रों का परिवार छोड़ गये है। अंतिम संस्कार बुधवार को हसदेव नदी के पश्चिमी तट पर ग्राम लछनपुर स्थित मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र प्रवीण शर्मा ने दी।

### सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट हनुमान धारा का किया निरीक्षण

# कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा सफाई व्यवस्था को लेकर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कलेक्टर ने बीडीएम अस्पताल चांपा का निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल परिसर में साफ सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई। साथ ही साथ सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने अस्पताल के महिला-पुरुष वार्ड, शौचालय, पैथोलॉजी लैब, ओटी, प्रसव कक्ष, दंत कक्ष, नेत्र कक्ष, जनऔषधी केन्द्र, बर्न यूनिट एवं अन्य कक्षों का अवलोकन किया।

ज्ञात हो कि कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने बुधवार 2 जुलाई को चांपा के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, हनुमान धारा, इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छता और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर नगर पालिका चांपा अध्यक्ष प्रदीप नामदेव, एसडीमए चांपा सुमित बघेल, नगर पालिका सीएमओ भोलाराम सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि मरीजों का बेहतर एवं संवेदनशीलता के साथ इलाज करें तथा शासन की योजनाओं का लाभ समय पर दिया जाए। कलेक्टर ने अस्पताल के महिला-पुरुष वार्ड, शौचालय, पैथोलॉजी लैब, ओटी, प्रसव कक्ष, दंत कक्ष, नेत्र कक्ष, जनऔषधी केन्द्र, बर्न यूनिट एवं अन्य कक्षों का अवलोकन किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में कबाड़ हो चुके बेड सहित विभिन्न सामानों का निपटान न होने पर नाराजगी व्यक्त की एवं एक माह में निपटान करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने अस्पताल में आये मरीजो से उनके स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी लेते हुए डॉक्टरों को बेहतर ईलाज करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था को देखकर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए तत्काल सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का भी निरीक्षण किया।



अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर जन्मेजय महोबे।

# राशन लेने भटक रहे हितग्राही, डेट बढ़ाने के बाद सर्वर अटका रहा रोड़ा

## अब बचे दिनों में करना होगा वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ तालदेवरी

राशन कार्डधारियों को तीन माह का चावल एकमुश्त देने की योजना की तिथि बढ़ाई जरुर गई है, लेकिन राशन पाने हितग्राहियों का समस्या कम होता नहीं नजर आ रहा है। डेट बढ़ाने के दुसरा दिन 2 जुलाई को सर्वर समस्या के चलते अधिकांश राशन कार्डधारियों को चावल का वितरण नहीं किया जा सका।

ज्ञात हो कि बम्हनीडीह ब्लाक अंतर्गत ग्राम बिर्रा, बसंतपुर, सिलादेही, गत्वा, तालदेवरी, बोरसी सहित अन्य पीडीएस दुकानों में सर्वर समस्या के चलते बुधवार 2 जुलाई को हितग्राहियों को राशन का वितरण नहीं किया जा सका। शासन द्वारा सभी पीडीएस संचालकों को जुलाई के पहले सप्ताह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। राशन कार्डधारियों को तीन माह का चावल एकमुश्त देने की योजना पीडीएस संचालकों पर जी का जंजाल साबित हो रहा है। योजना का डेट बढ़ाया जरुर गया है, लेकिन सर्वर की समस्या का अब तक समाधान नहीं किया जा सका है। डेट बढ़ाने के दुसरा दिन 2 जुलाई को सर्वर डाटा पोर्ट के नाम से पुरा दिन बंद रहा। जिससे हितग्राहियों का काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हितग्राही खाली हाथ ही घर लौटते नजर आये।



### नई मशीनें बन रहीं परेशानी की वजह

पीडीएस संचालक 12-14 घंटे काम करने मजबूर सभी राशन दुकानों को नई मशीन दी गई है। लेकिन इन मशीनों से भी समस्याएं सामने आ रही है। इसकी वजह से ग्राहकों को राशन लेने में काफी समय लग रहा है। कई जगहों पर तो लोग सुबह से राशन लेने की लाइन लगाते हैं और शाम तक इंतजार करते रहते हैं। हालत ये है कि तीन माह का राशन लेने के लिए 6 बार अंगूठा लगाना पड़ रहा है।वही पीडीएस संचालक भी 12-14 घंटे दुकान खोलकर वितरण कर रहे हैं ताकि हितग्राहियों को राशन मिल पाये,लेकिन सर्वर के समस्या के कारण एक दिन में 40-45 कार्ड का ही वितरण हो पा रहा हैं।वही हमारी टीम सेवा सहकारी समिति बिर्रा पीडीएस दुकान का जायजा लिया जहां अब बाकी बचे 5 दिनों में अभी भी लगभग 400-450 कार्डधारियों को राशन देना बाकि है,लेकिन सर्वर कि समस्या को देखते हुए निर्धारित समय में वितरण कर पाना मुश्किल नजर आ रहा है।

# भारतीय स्टेट बैंक में मनाया गया 70वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मुख्य शाखा जांजगीर द्वारा बैंक के 70 वें स्थापना दिवस के अवसर पर बैंक परिसर में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। अवगत हो कि 1955 से पहले भारतीय स्टेट बैंक का नाम इंपीरियल बैंक ऑफ इंडिया था। 1 जुलाई, 1955 को इंपीरियल बैंक ऑफ इंडिया के राष्ट्रीयकरण के फलस्वरूप इसका नाम बदलकर भारतीय स्टेट बैंक कर दिया गया तब से बैंक द्वारा 1 जुलाई को प्रति वर्ष स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है।

गत मंगलवार 1 जुलाई को बैंक द्वारा आयोजित स्थापना दिवस समारोह में अतिथि सेवा निवृत डिट्रिक्ट जज डॉक्टर लाल कटकवार, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ जागृति तथा छग प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष आर के थवाईत, जिला अध्यक्ष एवं प्रांतीय प्रवक्ता संतोष राठौर, प्रांतीय सलाहकार इंजी. आर एस क्षत्रिय, प्रांतीय पदाधिकारी श्रीमति कविता तिवारी, सुरेंद्र सिंह राठौर, इंजी. सोहन डहरिया, इंजी. देवी प्रसाद राठौर,इंजी. बी पी निर्मलकर, जिला पदाधिकारी कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रहास सिंह कछवाहा,सचिव के सी राठौर, कोषाध्यक्ष डी एन देवांगन, तहसील अध्यक्ष चांपा ओंकार राठौर, विश्राम सिंह राठौर कार्यक्रम अधिकारी प्रद्युम्न शर्मा, भगवंतिन साहू, पुष्पा सिंह,विनीत सालोमन,अमृत लाल राठौर, अशोक राठौर 2,सीताराम पटेल , डी के शर्मा, आनंद साहू, नन्द किशोर मिश्रा ,चंद्रमणि राठौर सुशील कुमार पाण्डेय, राजेंद्र कुमार शर्मा, चंद्रहास मिश्रा, जगदीश चंद्र राठौर,ताराचंद राठौर, डी पी राठौर,हेमंत गढ़वाल, रतन लाल राठौर, ओम प्रकाश थवाईत, अनुसुइया राठौर एवं बैंक स्टाफ उप प्रबंधक अशोक मरावी, इरफान अहमद, सरजू बहला, सहायक प्रबंधक दिब्येंदु पात्रा संजू बरेठ आदि मुख्य रूप से शामिल रहे। बैंक की ओर से मुख्य शाखा प्रबंधक ज्योत्सना सिंह के द्वारा समारोह के अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।




### संगोष्ठी में पेंशनरों ने अपनी समस्याएं रखी, मिला आश्वासन

**पामगढ़।** भारतीय स्टेट बैंक स्थापना दिवस 1 जुलाई को भारतीय स्टेट बैंक शाखा पामगढ़ में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। शाखा प्रबंधक मुरलीधर मूर्ति ने बैंक की स्थापना पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 01 जुलाई को भारतीय स्टेट बैंक अपनी स्थापना दिवस मनाता है। भारत में पहले इंपीरियल बैंक संचालित था जो कि 01 जुलाई 1955 को स्टेट बैंक के रूप में तब्दील हुआ। साइबर ठगी विषय पर प्रकाश डालते हुए इससे बचने का अपील किए। साथ ही पेंशनरों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस बात पर ध्यान रखने की बात कही। संगोष्ठी में आमंत्रित छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ डीपी मनहर ने बैंक में पेंशनरों को होने वाली असुविधा का जिक्र कर सहयोग देने को कहा। पेंशनर सी आर खटकर ने साइबर फ्राड की घटनाओं से सभी पेंशनर एवं जनता को सजग रहने की बात कही। पेंशनरों के विचारों पर त्वरित निराकरण का आश्वासन शाखा प्रबंधक द्वारा दिया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ डीपी मनहर, चैतराम देव खटकर, पुनीत राम साहू, मुखीराम निखादराज, कृष्ण लाल यादव, होरीलाल आदित्य, गुरु नारायण रायसागर, रूद्र गिरी गोस्वामी नीलकंठ खरे इत्यादि उपस्थित थे।

### हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए तहसील कार्यालय में शिविर 4 को

**सक्ती।** परिवहन विभाग द्वारा हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए कैम्प का आयोजन 4 जुलाई को तहसील कार्यालय परिसर सक्ती में 10.30 बजे से 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। एचएसआरपी कैम्प आयोजन का उद्देश्य जांजगीर चांपा और सक्ती जिले के समस्त पंजीकृत वाहनों में हाई सक्यूरिटी नम्बर प्लेट लगवाने सुनिश्चित करने हेतु आम जनता को प्रेरित किया जाना है। मिली जानकारी के अनुसार कैंप में वाहन स्वामियों से उनके वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर, आधार चेक कर मोबाईल अद्यतन कर एचएसआरपी हेतु निर्धारित शुल्क सहित आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करवाया जावेगा। दोपहिया वाहन, मोपेड, स्कूटर, कृषि ट्रैक्टर एवं ट्रॉली के लिए 365.80 रूपये, तिपहिया वाहन एवं अशक्त वाहन के लिए 427.16 रूपये, हल्के मोटरयान के लिए 656.08 और वाणिज्यिक मध्यम एवं भारी वाहन (बस, ट्रक आदि) के लिए 705.64 रूपये शुल्क निर्धारित किया गया है।

# चांपा रेलवे स्टेशन से 10 बालिकाओं का सफल रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

रेलवे स्टेशन पर एक महत्वपूर्ण घटना में चांपा पुलिस ने तत्परता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए 10 बालिकाओं को सुरक्षित रेस्क्यू किया।

घटना की जानकारी के अनुसार, नवोदय विद्यालय भद्रक (उड़ीसा) के छात्र-छात्राएं माइग्रेशन प्रोग्राम के तहत कोरबा नवोदय विद्यालय जाने के लिए चांपा रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। बस के माध्यम से बच्चों को कोरबा भेजा जाना था, लेकिन संचार व्यवस्था के अभाव में एक बड़ी चूक हो गई। पुरुष शिक्षक के साथ बालकों का दल बस से रवाना हो गया, जबकि महिला शिक्षक के साथ 25 बालिकाएं स्टेशन पर रह गईं। स्कूल प्रबंधन से संपर्क के प्रयास विफल होने पर महिला शिक्षक ने सीधे जांजगीर-चांपा के पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय से संपर्क किया। थाना प्रभारी जे पी गुप्ता द्वारा गठित टीम, जिसमें एसआई उमेंद्र मिश्रा शामिल थे, ने स्टेशन पहुंचकर हालात को समझा और दो वेनों की व्यवस्था कर बालिकाओं को सुरक्षित कोरबा रवाना किया।भारी बारिश के बीच मिली इस त्वरित मदद से महिला शिक्षक व बालिकाएं बेहद संतुष्ट दिखीं और उन्होंने पुलिस अधीक्षक व चांपा पुलिस टीम की सराहना की। यह घटना जांजगीर-चांपा पुलिस की संवेदनशीलता और तत्परता का उत्कृष्ट उदाहरण है।



बच्चों के साथ पुलिसकर्मी।

# एबीवीटीपीएस से सेवानिवृत्त हुए अधीक्षण अभियंता सहित दो कर्मचारियों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा से जून माह में अधीक्षण अभियंता विरेंद्र सिंह, मुख्य सुरक्षा सैनिक कन्हैया लाल चंद्रा और वरिष्ठ पर्यवेक्षक कुसवा राम यादव सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को पॉवर कंपनी परिवार की ओर से भावपूर्ण विदाई दी गई।

इस अवसर पर कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसडी द्विवेदी, एन. लकरा एवं एके. शाह द्वारा उनके कार्यों की सराहना करते हुए पॉवर कंपनी की ओर से आभार जताया गया।विशिष्ट अतिथियों के हाथों सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्मृति चिह्न व सेवा प्रमाण-पत्र भेंट किया गया। विरेंद्र सिंह ने विद्युत मंडल एवं पॉवर कंपनी में 42 वर्ष 7 माह व 8 दिन की लंबी सेवाएं दी हैं। उनकी प्रथम नियुक्ति केटीपीएस कोरबा पूर्व में 24 नवंबर 1982 को टेक्निकल अप्रेंटिस के तौर पर हुई थी। कन्हैया लाल चंद्रा ने विद्युत मंडल एवं पॉवर कंपनी में 38 वर्ष 2 माह व 19 दिन की सेवाएं दी हैं। उनकी प्रथम नियुक्ति वितरण केंद्र महासमुंद में 13 अप्रैल 1987 को सुरक्षा सैनिक के पद पर हुई थी। जबकि कुसवा राम यादव ने विद्युत मंडल एवं पॉवर कंपनी में 40 वर्ष 2 माह की सेवाएं दी हैं। उनकी प्रथम नियुक्ति 30 अप्रैल 1985 को संयंत्र परिचारक श्रेणी-तीन के पद पर कोरबा में हुई थी। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा अपने दीर्घ कार्यकाल के अनुभवों को साझा किया गया। संचालन करते हुए कल्याण अधिकारी आरएस. टेकाम द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों का जीवन परिचय का उल्लेख किया गया।



# राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन को लेकर कांग्रेसियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार

जिला कांग्रेस कमेटी सक्ती द्वारा स्थानीय विश्राम गृह में प्रदेश कॉग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक हरिश परसाई की उपस्थिति में राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में अखिल भारतीय कॉग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा किसानों जवानों संविधान को लेकर आयोजित सभा को सफल बनाने के लिये जिला कॉग्रेस कमेटी सक्ती के द्वारा बैठक ली।

विधानसभा क्षेत्र जैजैपुर के विधायक बालेश्वर साहू ने कहा कि आज प्रदेश का किसान जवान महिलाए सब परेशान है। भाजपा सरकार द्वारा कॉग्रेस जनो को झूठा केश में फंसाया जा रहा है। जिला कॉग्रेस कमेटी के अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार एक पेड मा के नाम हजारों पेड़ अडाणी के नाम से छत्तीसगढ़ के जंगलों को बरबाद कर रही हैं। प्रत्येक पदाधिकारी ब्लॉक अध्यक्ष गण महिला कॉग्रेस सेवादल एनएसयूआई सेवादल अल्पसंख्यक, विधायक प्रतिनिधि जनपद पंचायत के प्रतिनिधि सभी को कॉग्रेस कार्यकर्ताओं को लेकर जाना जरूरी है। इस अवसर पर अलका जायसवाल, नरेश गेवाडीन, जिलाध्यक्ष त्रिलोक चन्द जायसवाल, महिला कॉग्रेस अध्यक्ष मेनिका जायसवाल, एन एस यू आई के मयंक स्वर्णकार किसान कॉग्रेस के साधेश्वर गवेल, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ भाई महबूब ऋषि राय बंशी खांडे धनेश्वर जायसवाल हीरा सायब्लाक अध्यक्ष कन्हैया कवर कुशल कश्यप, ननद कुमार चन्द्रा, राजा राम यादव, प्यारे लाल पटेल गिरधर जायसवाल, अयोध्या भरद्वाज विजय जायसवाल कौशल्या कमलेश उपस्थित थे।



बैठक में शामिल कांग्रेस पदाधिकारी।

### निःशुल्क रक्तदान शिविर में 25 लोगों ने किया रक्तदान

# रक्तदान करना बड़े पुण्य का काम : जयपुरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

शुक्ला हेल्थ केयर हास्पीटल बिर्रा में निशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 25 लोगो ने रक्तदान किया गया। शुक्ला हेल्थ केयर हास्पीटल बिर्रा के चिकित्सक डा शुभम शुक्ला ने रक्तदान महादान के तर्ज पर निशुल्क रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

रक्तदान शिविर में जिला शिक्षा स्थायी समिति उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया व अतिथियों ने सर्वप्रथम मां सरस्वती व जिला पंचायत सभापति सीमा शुक्ला के तैल चित्र में माल्यार्पण कर अगरबत्ती से पूजा अर्चना कर किया गया। जिला शिक्षा स्थायी समिति उपाध्यक्ष गंगन जयपुरिया ने कहा कि रक्तदान महादान है है तथा सभी को आज के समय में रक्तदान करना बहुत पुण्य का काम है। व्याख्याता मनोज तिवारी ने कहा कि रक्तदान से बड़कर कोई बड़ा दान नहीं है। जनपद पंचायत सदस्य रितेश रमणसिह सिंह ने कहा कि आज के इस भागमभाग दौड़ में रक्तदान करना चाहिए ताकि आने वाले समय में रक्तदान की बचत से किसी का जान बच सकता है। अधिवक्ता जगदीश बंजारे पूर्व जनपद पंचायत सदस्य फिरतसाहू पंच एकांश पटेल ने अपना विचार व्यक्त किया। रक्तदान शिविर में जिला पंचायत शिक्षा स्थायी समिति उपाध्यक्ष गंगन जयपुरिया व्याख्याता मनोज तिवारी जनपद पंचायत सदस्य रितेश रमणसिह सिंह पूर्व जनपद पंचायत सदस्य फिरत साहू सरपंच प्रतिनिधि एकादशियां साहू पंच एकांश पटेल हेमन्त साहू शारदा विघालय प्रभारी प्रधानपाठक सम्मेयादव अधिवक्ता साकेत मेडिकल संचालक ईश्वर शुक्ला जगदीश बंजारे, खगेश यादव सहायक लेबटेकनिकल कमल देवांगन ने रक्तदान देने वाले का खुन जांच करने के बाद ओके रिपोर्ट मिलने के बाद रक्तदान डोनेट किया गया रक्तदान डोनेट करने वाले में जगदीश बंजारे सम्मेयादव भुनेश देवांगन महेश्वर चद्रा कृष्ण कश्यप अश्वनी कुमार योगेश साहू संतोष कुमार साहू श्रीकांत कश्यप गंगन श्रीवास्तव सेवक कुमार टण्डन अंकुर वैष्णव डभराखुर्द भी शामिल रहे।




रक्तदान करते युवा।

